# केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

**केदारनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
बाबा केदारनाथ धाम के कपाट भैया दूज (कार्तिक मास शुक्ल पक्ष द्वितीया, वृश्चिक राशि, ज्येष्ठा नक्षत्र के शुभ मुहूर्त ) पर आज (बुधवार) प्रातः साढ़े आठ बजे विधि- विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए। मंदिर को विशेष रूप से फूलों से सजाया गया। ढाई हजार से अधिक तीर्थयात्री इसके साक्षी बने। इस दौरान परिसर सेना बैंड की धुनों के साथ जय केदार और ऊं नमः शिवाय से गुंजायमान हो गया। इस मौके पर मौसम साफ रहा। आजकल केदारनाथ क्षेत्र आधा बर्फ की चादर ओढ़े है।
सबसे पहले ब्रह्म मुहूर्त में कपाट खुले। इसके बाद पूजा- अर्चना और दर्शन के तत्पश्चात कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत स्वयंभू शिवलिंग से श्रृंगारअलग कर रावल भीमाशंकर लिंग की



उपस्थिति में पुजारी शिवलिंग ने स्थानीय शुष्क पुष्पों, ब्रह्म कमल, कुमजा,राख से समाधि रूप दिया। इस दौरान बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह और तीर्थ पुरोहित समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे। ठीक साढ़े छह बजे गर्भ गृह में समाधि पूजा का समापन किया गया। इसके बाद मंदिर के अंदर सभामंडप में स्थित छोटे मंदिरों को भी बंद किया गया । ठीक साढ़े आठ बजे केदारनाथ मंदिर के दक्षिण द्वार को बंद कर दिया गया। उसके तुरंत बाद पूरब द्वार को भी बंद किया गया।
इस अवसर पर भारतीय सेना, आईटीबीपी और दानी-दाताओं ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन किया। कपाट बंद होने के बाद भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली हजारों तीर्थयात्रियों के साथ सेना के बैंड बाजों के साथ पैदल प्रथम पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान कर गई।
बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय मंगलवार को केदारनाथ पहुंच गए थे। आज उनके साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व शर्मा की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा और परिजन मौजूद रहे। यह सभी कपाट बंद होने के अवसर पर अजेंद्र अजय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ यात्रा का सफलतापूर्वक समापन हो रहा है।बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि से मंगलवार रात्रि तक 19,57,850 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि आज केदारनाथ भगवान की पंचमुखी डोली पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। 16 नवंबर को डोली गुप्तकाशी और 17 नवंबर को शीतकालीन पूजा स्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी। इसके पश्चात शीतकालीन पूजास्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में केदारनाथ भगवान की शीतकालीन पूजा शुरू हो जायेगी। इस मौके पर मंदिर समिति सदस्य श्रीनिवास पोस्ती,बीकेटीसी मुख्यकार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, तहसीलदार दीवान सिंह राणा कार्याधिकारी आरसी तिवारी, केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, थाना प्रभारी मंजुल रावत प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला, देवानंद गैरोला उम्मेद नेगी, कुलदीप धर्म्वाण, ललित त्रिवेदी सहित जनप्रतिनिधि तीर्थपुरोहित एवं हजारों तीर्थयात्री मौजूद रहे। बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को बंद होंगे।

# ऋषिकेशः दो दिवसीय संगीत समारोह शुरू

**संगीत समारोह**

**8 -भारतीय संस्कृति में संगीत का महत्व, विदेशों में भी आकर्षण बढ़ाः स्वामी चिदानंद मुनि**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पंडित चंद्र प्रकाश मलिक मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा परमार्थ निकेतन में आयोजित दो दिवसीय इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एवं डांस संगीत समारोह का शुभारंभ स्वामी चिदानंद सरस्वती और कलाकारों ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।
समारोह के उद्घाटन के उपरांत स्वामी चिदानंद मुनि ने कहा कि भारतीय संस्कृति में भारतीय संगीत का काफी महत्व है, इसके प्रति विदेश में भी आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि 84 कुटी में बैठकर बीटल्स ने भी भावातीत 14 गीतों की रचना की और उसके



परिणाम स्वरूप देश ही नहीं दुनिया में बीटल्स के भारतीय संगीत के प्रति आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
समारोह में पंडित चंद्र कुमार मलिक मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के निकेश मालिक और नीलेश मलिक ने कहा कि उनके ट्रस्ट का कार्यक्रम कर मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड के कलाकार एवं देश विदेश से आए हुए कलाकारों को एक मंच पर कलाओं का आदान-प्रदान करना है।
संगीत समारोह में डॉ. विकास फोडोनी (शास्त्रीय गायन), उत्तराखंड गुरु, सिलारी लेंका, नीलेश एवं निकेश कुमार मलिक कैल्सिकल गायन (मल्लिक भाई) दिल्ली पं. भेरूलाल झंवर, संतोष कुमार (तबला) महाराष्ट्र, पं. सोमनाथ निर्मल (पखावज) महाराष्ट्र, सुश्री लक्ष्मी कुमारी कैल्सिकल वोकल, उत्तराखंड, शिवानन्द (तबला) ऋषिकेश,कृपा राम जोशी (तानपुरा), ऋषिकेश, ऋषिकेश कुमार मल्लिक (तानपुरा) दिल्ली आदि ने प्रस्तुति दी।

## गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पंचतत्व में विलीन हुए हवलदार दीप

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
लंबे समय से बीमार चल रहे सेना में हवलदार दीप बुधवार को गार्ड ऑफ आनर के बाद पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। बीते मंगलवार को उनका दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया था। हिम्मतपुर तल्ला हरीपुर नायक निवासी दीप मेलकानी (38) 13 महर रेजीमेंट में हवलदार पद पर तैनात थे।
वह वर्ष 2018 से बीमार चल रहे थे। दीप अपने पीछे पत्नी पुष्पा मेलकानी, 12 वर्षीय बेटे निर्मल व 7 वर्षीय बेटी को छोड़ गए हैं। बीती रात दीप के शव को आर्मी कैंट में रखा गया था।

# ईश वंदना के साथ गोपेश्वर में शुरू हुआ रामलीला मंचन का आगाज

**रामलीला**

**8 रामलीला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के मुख्य बस स्टेशन पर संयुक्त रामलीला मंच की ओर से मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रामलीला मंचन का शुभारंभ किया गया। रामलीला का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया।
गोपेश्वर में आयोजित हो रही



रामलीला के पहले दिन अंजली खरे और अमित खरे ने गणेश वंदना कर सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया। उसके बाद गढवाली लोक गायिका साक्षी डोभाल ने गीतों की प्रस्तुति दी। लीला में प्रथम दिन रावण, कुंभकरण और विभीषण ने ब्रहम देव की तपस्या कर क्रमशः अमरता, छह माह की निद्रा और प्रभु भक्ति का वरदान पाया। वरदान पाने के बाद देव ऋषि नारद के सुझाव पर रावण को शिव समेत कैलाश को लंका लाने का प्रयास करता है। इससे रुष्ट होकर शिव रावण को नर और वानरों के हाथों मारे जाने का श्राप देते हैं।इस पर रावण शिव तांडव स्त्रोत की रचना कर भगवान शिव के क्रोध को शांत कर क्षमा मांगता है। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव रावण को चंद्रहास खड्ग प्रदान करते हैं, वहीं शक्ति के मद में चूर लंका नरेश रावण के आदेश पर असुर सैनिक मुनियों के यज्ञ विध्वंस करने के साथ कर के रूप में उनका रक्त लेते हैं। ऐसे में यज्ञ और अनुष्ठान न होने से आहुति न मिलने से देवता शक्तिहीन होने लगते हैं। इस पर देवताओं ने समस्या के निदान का भगवान नारायण से अनुग्रह किया। जिस पर भगवान नारायण त्रेतायुग में राम अवतार लेकर रावण के विनाश का आश्वासन दिया। इस मौके पर रामलीला मंच के संरक्षक चंद्र प्रकाश भट्ट, अध्यक्ष अनूप पुरोहित, कमल राणा, आयुष चैहान, जगमोहन सिंह, देवेंद्र गौड़, अनूप खंडूरी, लक्ष्मी प्रसाद, संजय कुमार, अमृता, रिया, खुशी, दीपक बिष्ट आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा ने परिजनों के साथ किए भगवान बद्रीविशाल के दर्शन



**बदरीनाथ/जोशीमठ/ टीम एक्शन इंडिया**
श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा की धर्मपत्नी एवं पूर्वोत्तर भारत की मीडिया दिग्गज रिनिकी भुयान शर्मा बुधवार पूर्वाह्न श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय के साथ भगवान बदरीविशाल के दर्शन के लिए पहुंचीं।
हैलिपेड पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने उनका स्वागत किया। बदरीनाथ मंदिर में दर्शन के पश्चात बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने अतिथियों को भगवान बदरीविशाल का प्रसाद एवं तुलसी माला भेंट की। अतिथियों ने श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति की यात्रा व्यवस्थाओं तथा प्रबंधन की प्रशंसा की। श्री बदरीनाथ दर्शन के बाद सभी अतिथि हेलिकॉप्टर से वापस रवाना हुए। इस अवसर पर धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी रविंद्र भट्ट, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

### शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए खर्च किए जाएंगे दो करोड़

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। बिठौरिया समेत अन्य क्षेत्रों में पेयजल योजना के लिए दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जल संस्थान की ओर से योजना के तहत प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया गया है। इस धनराशि से कम व्यास वाली लाइनों को बदलने के साथ ही नई पेयजल लाइनें बिछाने का काम किया जाएगा।
विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रस्ताव पर मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली के अनुसार पेयजल संकट के समाधान के लिए प्रस्ताव बजट की मंजूरी के लिए मुख्यालय भेजा गया है। मंजूरी के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 महीने पेयजल का संकट बना रहता है। जल संस्थान गौला नदी के पानी को फिल्टर प्लांट में साफ कर और ट्यूबवेल की मदद से पानी की आपूर्ति करता है। इसके बाद भी हर दिन लगभग 30 एमएलडी पानी की कमी बनी रहती है। इस स्थिति में कम व्यास की पुरानी लाइन घरों तक पानी पहुंचाने में नाकाम हो जाती है। इसके साथ ही कई इलाकों में जंग लगने से लाइनों से पानी लीक होता रहता है। इस स्थिति में उपभोक्ताओं के साथ ही विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब इसके समाधान के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। पेयजल की कमी से जूझ रहे बिठौरिया क्षेत्र में नई लाइनों को बिछाए जाने के लिए 1.75 करोड़ को प्रस्ताव बना कर मुख्यालय भेजा गया है। इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों में लाइन को बदलने के लिए लगभग 25 लाख की लागत के प्रस्ताव बनाए गए हैं।२

### भगवानपुर व लोहरियासाल में दो ट्यूबवेल खराब, जल संकट गहराया

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
शहर में त्योहार पर भगवानपुर जयसिंह और लोहरियासाल मल्ला गौड़धड़ा क्षेत्रों के लोगों को एक साथ दो टयूबवेल खराब होने से जरूरतभर पानी नहीं मिल सका। लोगों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ा। वहीं सप्लाई न होने से हजारों की संख्या में लोगों को दिक्कतें बनी रहीं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हर दिन पेयजल का संकट बना रहता है। दिवाली के मौके पर भगवानपुर जयसिंह और लोहरियासाल मल्ला गौड़धड़ा में एक साथ ट्यूबवेल खराब हो गए। इससे दोनों क्षेत्रों में पेयजल संकट गहरा गया है। त्योहार पर पानी न मिलने से स्थानीय लोगों में आक्रोश बना हुआ है। उन्होंने समस्या का समाधान जल्द न किए जाने पर विभाग के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## पंच पूजाओं के दूसरे दिन आदि केदारेश्वर व आदिगुरू शंकराचार्य मंदिर के कपाट हुए बंद



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ धाम के कपाट 18 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद हो रहे है। इसी कड़ी में मंगलवार से पंच पूजाएं शुरू हो गयी हैं। पंच पूजाओं के दूसरे दिन बुधवार को आदि केदारेश्वर और आदिगुरू शंकराचार्य के कपाट बंद हो गये हैं।
आदि केदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होने से पहले मंदिर की साफ सफाई की गयी। उसके पश्चात बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने आदि केदारेश्वर स्वयंभू शिवलिंग को पके चावलों से ढ़क कर समाधि पूजा का समापन किया। धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने समाधि पूजा में सहयोग किया। उसके पश्चात आदि केदारेश्वर शिवलिंग को समाधि रूप देकर भस्म एवं फूलों से ढ़का गया तथा पुजारी सोनू भट्ट तथा विशेश्वर प्रसाद डंगवाल ने कपाट बंद किये। इसी तरह आदि गुरू शंकराचार्य मंदिर में आदिगुरू

**बदरीनाथ धाम**

**8 धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल तथा वेदपाठी रविंद्र भट्ट ने समाधि पूजा में सहयोग किया**

शंकराचार्य की मूर्ति को निर्वाण रूप में पूजा अर्चना की गयी और अपराह्न दो बजे कपाट बंद किये गये।
इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, नायब रावल अमरनाथ नंबूदरी, मीडिया प्रभारी हरीश गौड़, पीआरडी प्लाटून कमांडर बलवंत राणा, आदि मौजूद रहे। गुरुवार को खड्ग पुस्तक पूजा के बाद वेद ऋचाओं का पाठ बंद हो जायेगा, जबकि शुक्रवार 17 नवंबर को महालक्ष्मी की पूजा होगी।

## कार ने बाइक को मारी टक्कर, भतीजे की मौत, चाचा गंभीर घायल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बाइक सवार चाचा-भतीजे को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में भतीजे की मौत हो गई, जबकि चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रुड़की के हरिद्वार रोड स्थित शेरपुर गांव पेट्रोल पंप के पास हुआ। परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस के मुताबिक बेलडा ग्राम निवासी दीपक पुत्र सुभाष आईआईटी रुड़की में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। दीपक ड्यूटी करने के बाद बाइक से अपने घर बेलडा जा रहा था। युवक के साथ उसका चाचा वीरेंद्र भी बाइक पर सवार था।

# जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी में दो गिरफ्तार

**चालान**

**8 पुलिस ने दोनों आरोपितों को बहादराबद क्षेत्र से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जमीन दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को गिरोह बनाकर ठगने व लाखों रुपये हड़पने के मामले में पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना बहादराबाद क्षेत्र में धोखाधड़ी कर ठगने वालों पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने कार्रवाई की। गैंग बनाकर जमीन



बेचने, खरीदने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने के मामले में थाना बहादराबाद के बहादुरपुर सैनी निवासी नरेश कुमार (50 वर्ष) और सुरेश कुमार (50 वर्ष) विरुद्ध थाना बहादराबाद में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने दोनों आरोपितों को बहादराबद क्षेत्र से गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

# जेपी नड्डा पहुंचे हरिद्वार, गंगा में विसर्जित की बुआ की अस्थियां

**अस्थि विसर्जन**

**8 जेपी नड्डा की बुआ गंगा देवी का बीते सोमवार को हिमाचल के कुल्लू के शास्त्री नगर में निधन हो गया था।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को अपनी बुआ की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने हरिद्वार पहुंचे। उनके तीर्थ पुरोहित कपिल पाराशर ने विधि विधान से हरिद्वार के वीआईपी घाट पर अस्थि विसर्जन कर्म कराया। इस दौरान शांतिकुंज के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या भी मौजूद रहे।
जेपी नड्डा की बुआ गंगा देवी का



बीते सोमवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के शास्त्री नगर में निधन हो गया था। वह 105 वर्ष की थीं और वह कुल्लू की सबसे बुजुर्ग मतदाता थीं। अस्थियां विसर्जित करने के बाद जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे विधि विधान से अपनी बुआ का अस्थि विसर्जन करने के लिए हरिद्वार आए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बुआ गंगा देवी का पूरा जीवन समाज के प्रति सेवा में ही व्यतीत हुआ। उनसे ही प्रेरणा लेकर हम सबको सीख मिली कि किस तरह से समाज की सेवा की जा सकती है।

# सिलक्यारा सुरंगः फूटा मजदूरों का गुस्सा, कंपनी की लापरवाही आई सामने

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तरकाशी की सिलक्यारा सुरंग के निर्माण में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। सुरंग के जिस संवेदनशील हिस्से में भूस्खलन हुआ वहां उपचार के लिए गार्टर रिब की जगह सरियों का रिब बनाकर लगाया गया है।
सुरंग निर्माण से जुड़े लोगों का कहना है कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो भूस्खलन नहीं होता। बीते रविवार को निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन की घटना घटी जिसके चलते 40 मजदूर सुरंग के अंदर फंसे हुए हैं।
निर्माण में लगी कंपनी की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है।



सुरंग के एक मशीन ऑपरेटर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कंपनी से जुड़े लोगों की लापरवाही से आज 40 लोगों का जीवन संकट में है।
बताया कि सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से 200 मीटर अंदर जहां भूस्खलन हुआ है वह हिस्सा संवेदनशील है जिसमें गार्टर रिब की जगह 32 एमएम की सरियों से बना रिब लगाया गया। जो कि मलबे का दबाव नहीं झेल पाया। बताया कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।
निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में दो प्वाइंट २२२२भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। पहला प्वाइंट सिलक्यारा मुहाने से 200 मीटर की दूरी पर है, जिसमें वर्तमान में भूस्खलन हुआ है। एक अन्य सिलक्यारा वाले मुहाने से ही 2000 से 2100 मीटर के मध्य है। टनल के एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि 2000 से 2100 के बीच वाले संवेदनशील पार्ट का स्थाई उपचार हुआ है लेकिन 200 मीटर के निकट वाले का नहीं।
रविवार को सुरंग में हुए भूस्खलन के मलबे में एक शॉटक्रिट मशीन व एक बूमर मशीन दबने की सूचना मिली है। एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि यहां उस दौरान ट्रीटमेंट का काम चल रहा था। जब हल्का मलबा गिरा तो इन मशीनों में कार्यरत कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई।

## शीतकालीन के लिए यमुनोत्री धाम के कपाट बंद

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
विश्व प्रसिद्ध यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज के दिन बुधवार को सुबह 11:57 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गये। अब बाद शीतकाल के छह माह तक मां यमुना के दर्शन उनके शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में होंगे।बुधवार को श्री पांच पंडा समिति यमुनोत्री धाम के अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल ने बताया है कि भैया दूज के दिन बुधवार सुबह मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खरसाली से शनिदेव की डोली यमुनोत्री धाम पहुंची।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेण्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 223-DRM-MB-23-24 Dt 10.11.2023 |
| कार्य का नाम | Pre and post attention work in connection with tamping by Tamping Machine in the section of DEN/V/MB Estimate No. 37/2018 (RRSK) |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 12.12.2023 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16.00 |
| अनुमानित लागत | 1,38,58,606.20 |
| धरोहर राशि | 2,19,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 28.11.2023 |

टेन्डर नं. DEN-IV/Publication/23 दिनांक 14.11.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

3561/23

# राज्यपाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**संकल्प यात्रा**

**8 यह संकल्प यात्रा जनपद के चार विकासखण्डों के 18 जनजातीय ग्राम पंचायतों को आच्छादित करेगी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) देहरादून और जनपद के लिए ह्यह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्लह्ल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संकल्प यात्रा जनपद के चार विकासखण्डों के 18 जनजातीय बाहुल्य ग्राम पंचायतों को आच्छादित करेगी।
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर झारखंड में ह्यह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्लह्ल कार्यक्रम में राजभवन देहरादून से वर्चुअल माध्यम से जुड़े।
राज्यपाल ने भगवान बिरास मुंडा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और यह संकल्प यात्रा 2047 तक विकसित भारत के लिए एक मार्ग का काम करेगी।
कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और उन्हें योजनाओं के संबंध में जागरूक करेगी। हमें संकल्प लेना होगा कि इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचे।
राज्यपाल ने कहा कि योजना पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे और इससे वह लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री की ओर से पीएम जनमन अभियान का भी शुभारंभ किया गया है। जो जनजातीय समुदाय के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अमृत काल में जिन चार स्तंभों-नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और मध्यम वर्ग का जिक्र किया गया वह विकसित भारत, विश्व गुरु भारत और आत्मनिर्भर भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।
इस मौके पर राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित योजनाओं से लाभान्वित होने वाले किसानों से भी संवाद कर योजनाओं का फीडबैक दिया। इस यात्रा में शहरी क्षेत्र की 17 योजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों की 22 विभागों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी जनसाधारण को दी जाएगी। इस अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि की द्वितीय त्रैमास के लिए 15वीं किस्त प्रदेश के 6.80 लाख किसानों को ट्रांसफर की गई।
इस मौके पर मंत्री सुबोध उनियाल, रेखा आर्या, सांसद नरेश बंसल, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक खजान दास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।
इसी बीच उधमसिंहनगर में मंत्री गणेश जोशी ने सितारगंज से विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह यात्रा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी ताकि लोग भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत हो सकें। श्री जोशी ने कहा कि यह यात्रा 2047 तक विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## पुलिस ने दस गन्ना चर्खी मालिकों के दस-दस हजार के काटे चालान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने अभियान चला कर सुल्तानपुर व रायसी चौकी क्षेत्र में स्थित 10 गन्ना चरखी मालिकों के खिलाफ सत्यापन कार्रवाई की। अभियान के दौरान 10 गन्ना चरखी मालिकों, मकान मलिकों के एक लाख रुपये के चालान काटे और 15 व्यक्तियों के विरुद्ध मौके पर 81 लोगों से 3750 रुपये नकद संयोजन शुल्क वसूला।
पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु क्षेत्र में संघन चैकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके अनुपालन में पुलिस ने सुल्तानपुर चौकी के मोहम्मदपुर कुन्हारी व चौकी रायसी में स्थित सभी गन्ना चर्खियों में सत्यापन अभियान चलाया, जिसमें बाहर से आए मजदूर व नौकरों के सत्यापन की कार्यवाही की। वहीं पुलिस ने 10 गन्ना चरखी माली को पर नौकरों में मजदूरों का सत्यापन न करने पर पुलिस एक्ट में कार्रवाई करते हुए दस-दस हजार के कोर्ट के चालान किए और 15 व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस एक्ट धारा 81के अंतर्गत कार्रवाई कर 3750 का जुमार्ना वसूला।
कोतवाली प्रभारी राजीव राठौर ने बताया कि थाना क्षेत्र में बाहरी, संदिग्ध व्यक्तियों के सत्यापन हेतु चौकी सुल्तानपुर क्षेत्र तथा चौकी भिक्कमपुर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी व्यक्ति, किरायेदार, मजदूर के विरुद्ध कार्यवाही की गई है जिसमें 10 मालिकों व गन्ना चरखी स्वामी के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही कर एक लाख रुपये का न्यायालय के चालान किए गए हैं और 15 चालान धारा 81 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत कर 3750 रुपये संयोजन शुल्क मौके पर वसूला गया। आगे भी सत्यापन की कार्यवाही जारी रहेगी।

## रेस्क्यू में लगी आंगर मशीन भी हुई खराब, तीन विमानों से पार्ट में पहुंची दूसरी मशीन

**रेस्क्यू अभियान**

**8 सिल्क्यारा टनल में फंसी है 40 जिंदगियां, रेस्क्यू टीम नॉर्वे और थाईलैंड के विशेषज्ञ टीमों की ले रही है मदद**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
सिल्क्यारा टनल में राहत एवं बचाव के लिए कार्यरत आंगर मशीन काम करने के दौरान मंगलवार देर रात खराब हो गई थी। जिससे बचाव कार्य रुक गया था। बुधवार को रेस्क्यू अभियान को लगातार जारी रखने के लिए हैवी ऑगर ड्रिलिंग मशीन को दो पार्ट में दिल्ली से भारतीय सेना के तीन विशेष हरक्यूलस मालवाहक विमान से चिन्यालीसौड़ हेलीपैड पहुंचाया गया है।
बुधवार को हैवी ऑगर ड्रिलिंग मशीन दोपहर 1 बजे चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पहुंची। एसपी उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी एवं उपजिलाधिकारी बृजेश तिवारी ने बताया कि मशीन का एक पार्ट पहुंच गया है और मशीन को सुरंग पहुंचाया जा रहा है। इधर, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने बताया कि सुंरग के पास मशीन को जोड़ा जाएगा और शीघ्र ही ड्रिलिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू करने की कवायद तेजी से चल रही है।
दरअसल, मंगलवार को टनल में काम करने के दौरान आंगर मशीन खराब हो गई थी। जिसके लिए रेस्क्यू टीम ने थाईलैंड की रेस्क्यू कंपनी से संपर्क किया है। थाईलैंड की इस टीम ने गुफा में फंसे बच्चों को बाहर निकाला था। नॉर्वे की एनजीआई एजेंसी से भी संपर्क किया गया है, जिससे सुरंग के भीतर ऑपरेशन में विशेष सुझाव लिए जा सके। बुधवार को एयरफोर्स के तीन विशेष विमानों ने 25 टन भारी मशीन को चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर एयरलिफ्ट किया है। यह मशीन मलबे को भेद कर स्टील पाइप दूसरी तरफ पहुंचने में मददगार साबित होगी।जानकारी के अनुसार इस मशीन के जरिए प्रति घंटे 5 मीटर तक का मलबा निकला जा सकेगा। उम्मीद की जा रही है कि इस मशीन के जरिए 80 घंटे से टनल में कैद 40 श्रमिकों को बाहर निकालने में सफलता मिलेगी। इसके साथ ही भारतीय रेल, आरवीएनएल, राइट्स एवं इरकॉन के विशेषज्ञों से भी सुरंग के भीतर ऑपरेशन से संबंधित सुझाव लिए जा रहे हैं। घटनास्थल पर अपर जिलाधिकारी तिरत पाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अनुज कुमार, प्रसात कुमार आदि मौजूद हैं।
सिलक्यारा टनल में फंसे लोगों के न निकलने से टनल निर्माण कंपनी के खिलाफ लोगों को बढ़ता जा रहा है।
जैसे -जैसे समय बढ़ रहा है वैसे-वैसे सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों के सब्र का बांध टूट रहा है स्थानीय लोगों ने बुधवार को सिलक्यारा टनल के पास हंगामा किया। 40 मजदूरों के ग्रुप लीडर गब्बर सिंह नेगी टनल में फंसे मजदूरों को ढांढस बंधाकर उनको जल्द बाहर निकालने की उम्मीद जगा रहा है।

## उल्लास के साथ मनाया गया भाई दूज का पर्व

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाई दूज बुधवार को तीर्थनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों से भाइयों को तिलक कर उनकी दीघार्यु की कामना की। भाइयों ने बहनों का उपहार देकर उनकी रक्षा का वचन लिया।
भाई दूज पर्व भारत में सर्वत्र भाई-बहन के त्योहार के रूप में प्रतिष्ठित हैं और इससे जुड़ी विभिन्न मान्यताएं परिवेश के अनुसार भिन्न-भिन्न रीति-रिवाज भी हैं। ऐसा माना जाता है कि इस पर्व का प्रारंभ भगवान सूर्य के पुत्र-पुत्री यम-यमुना (भाई-बहन) के प्रेम से हुआ है।

## परिवार संग भाजपा नेता से नशे में धुत युवकों ने की मारपीट

**जानकारी**

**8 जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित युवक वहां से फरार हो गए।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा नेता व उसके परिवार संग कुछ युवकों के मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया है।
जानकारी के मुताबिक आदर्शनगर निवासी भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नीरज अग्रवाल के परिवार के सदस्य रुड़की टाकीज चौक के समीप किसी कार्य से गए थे, जब वह अपनी कार से आ रहे थे तभी दो बाइकों पर सवार छह लोग उलटी दिशा से आए और उनकी कार में टक्कर मार दी। विरोध करने पर बाइक सवार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर दी। किसी तरह कार सवार युवक वहां से जान बचाकर भागे तो मलकपुर चुंगी पर पहले से दर्जनों युवक हाथों में लाठी डंडे लेकर खड़े थे। उन्होंने कार सवारों को घेरा और मारपीट शुरू कर दी। इसकी खबर लगते ही भाजपा नेता एवं उनके परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि युवकों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी।
जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित युवक वहां से फरार हो गए।
इस बीच घटना का वीडियो किसी ने रिकार्ड कर लिया। भाजपा नेता नीरज अग्रवाल के भाई नवीन अग्रवाल ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कारवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों को हिरासत में लिया है। मामला आपसी रंजिश का भी बताया जा रहा है।

## पत्नी व बेटी के साथ अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे महेन्द्र सिंह धोनी

**अल्मोड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी और बेटी के साथ बुधवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। गांव में उन्होंने लोगों के साथ फोटो खिंचवाई और गोरखनाथ मंदिर में पूजा की। वहीं पैतृक घर की देहरी पर बैठ कर विश्राम किया।
धोनी अल्मोड़ा जिले की जैंती तहसील के ग्राम ल्वाली के मूल निवासी हैं। वर्ष 1970 में धोनी के पिता रांची जाकर बस गये थे। वर्तमान में उनके चाचा सहित अन्य लोग गांव में ही रहते हैं। हालांकि धोनी का जन्म झारखंड के रांची में हुआ। वह वहीं से क्रिकेट सीखे और देश के लिए खेले। इन दिनों धोनी अपनी पत्नी साक्षी और बेटी संग उत्तराखंड घूम रहे हैं। वह नैनीताल के कैंची धाम भी गए। उनके साथ उनके कई दोस्त भी हैं। मंगलवार सुबह 11:50 बजे इंडिगो एयर की फ्लाइट से वह पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे थे। इसके बाद वह नैनीताल रवाना हुए।
19 नवंबर को धोनी की पत्नी साक्षी का जन्मदिन है। माना जा रहा है कि जन्मदिन मनाने ही वह साक्षी संग देवभूमि उत्तराखंड आये हैं। धोनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी भी पोस्ट की है जिस पर लिखा है बर्थडे वीक।
अल्मोड़ा स्थित अपने पैतृक गांव में धोनी ने ग्रामीणों संग फोटो भी खिंचवाई। सभी का बड़े प्रेम से अभिवादन स्वीकार किया। उनके आगमन पर ग्रामीणों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया।

## छोटे भाई के सुरंग में फंसने की खबर सुन दौड़ पड़ा हिमाचल से योगेश, बढ़ाया हौसला



**उत्तरकाशी**
हिमाचल के मंडी निवासी योगेश दिवाली मनाने घर गया था, लेकिन जैसे ही साथियों ने उसके भाई के सुरंग में फंसे होने की सूचना दी तो वह दौड़ पड़ा। मंगलवार को उसने सुरंग के अंदर फंसे अपने छोटे भाई से बात की, जिसमें उसने भाई का हौसला बढ़ाते हुए कहा, चिंता मत करना, रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है।
वह जल्द बाहर निकल आएगा।हिमाचल के जिला मंडी निवासी योगेश और विशाल दोनों भाई निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में काम करते हैं। छोटा भाई योगेश जहां शॉटक्रिट मशीन का ऑपरेटर है, वहीं बड़ा भाई योगेश हेल्पर का काम करता है।
बीते रविवार को सुरंग में भूस्खलन होने से विशाल के अंदर फंसने की सूचना योगेश को साथी आरिफ मलिक व अंकेश ने दी। दिवाली की छुट्टी पर घर गए योगेश को जैसे ही भाई के सुरंग में फंसे होने की सूचना मिली तो वह उससे मिलने के लिए उत्तरकाशी लौट आया।
योगेश ने बताया, उसकी मंगलवार सुबह छोटे भाई से बात करवाई गई। भाई ने बताया वह ठीक है। बताया, दोनों भाई दिवाली मनाने के लिए साथ में छुट्टी पर जाते, लेकिन हाल ही में विशाल के छुट्टी से लौटने के चलते उसे लंबी छुट्टी नहीं मिल पाई।
इस पर वह अकेले की परिवार के साथ छुट्टी मनाने चला गया था। सुरंग में फंसे पिथौरागढ़ के पुष्कर सिंह ऐरी की सलामती के लिए उसके दोस्त मोहम्मद आरिफ व अंकेश कुमार चिंतित हैं।
दोनों ने बताया, पुष्कर सिंह हेल्पर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने पुष्कर के परिजनों से बात करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल नंबर नहीं मिलने से परिजनों से बात नहीं हो पाई है।

## जेल में हत्यारोपित युवक की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लेन-देन के विवाद में युवक की हत्या मामले में पुत्र के साथ जेल में बंद पिता की मौत हो गई। मृतक 40वीं वाहिनी पीएसी का कर्मचारी था। बंदी की मौत से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। दरअसल, कुछ रोज पूर्व भेल क्षेत्र में बाल मंदिर स्कूल के पास अनिकेत साहू उर्फ चीकू 26 वर्ष पुत्र राजेंद्र साहू निवासी मोहल्ला तेलियान ज्वालापुर का शव मिला था। इस मामले में पुलिस ने मृतक के दोस्त शुभम व उसके पिता रामअवतार को गिरफ्तार कर जेल भेज गया था।

## भाई दूज पर बहनों ने तिलक लगाकर की भाइयों के दीर्घायु की कामना

**भैया दूज का त्योहार**

**8 -तीर्थ नगरी में हर्षोल्लास से मनाया गया भैया दूज का त्योहार -पर्व के चलते सरकारी बसों और प्राइवेट वाहनों में रही भीड़**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
भैया दूज का त्योहार तीर्थनगरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाई के माथे पर बहनों ने तिलक लगाकर लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की और भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन दिया। पर्व के चलते बसों में अपने गंतव्य तक जाने के लिए यात्रियों की काफी मारामारी रही।
बुधवार को भाई बहनों के प्यार-प्रेम और सौहार्द के इस त्यौहार को लेकर नगर तथा आसपास क्षेत्र में खासा उल्लास रहा।
बहनों ने परंपरा के अनुसार भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और भाइयों ने भी बहनों को उपहार प्रदान किए।
कई बहनें दूरदराज क्षेत्रों से भी भैया दूज का त्योहार मनाने पहुंची। शहर में आने वाले तथा यहां से बाहर जाने वाले वाहनों में लोगों की खासी भीड़ रही। भैया दूज पर नगर के बाजार में भी लोग खरीदारी को उमड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में भी भाई दूज का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बाजारों में भी मिठाई, गोले (नारियल) की दुकानों में भीड़ दिखाई दी। भाई दूज के चलते सरकारी बसों और प्राइवेट वाहनों में भीड़ रही।

## हरिद्वार में डॉक्टर, युवक और दो महिलाओं ने बुखार से तोड़ा दम

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पथरी क्षेत्र के गांवों में बुखार से लोगों की मौतों का सिलसिला जारी है। दो माह के भीतर गांव बादशाहपुर, पदार्था, नसीरपुर कलां, एकड़ कलां, बहादरपुर जट आदि गांवों में बुखार से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग अब भी बुखार से पीड़ित हैं।
बहादरपुर जट, नसीरपुर कलां गांव में बुखार की दहशत है। यहां बुखार से फिर दो महिलाओं, एक युवक और अलीपुर में चिकित्सक की मौत हो गई है। लगातार हो रही मौत से गांवों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों में दहशत से दोनों गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।
बहादरपुर जट के पूर्व प्रधान विकास कुमार ने बताया कि



मंगलवार को बुखार से दीपक पाल (24) पुत्र धीर सिंह और बाला देवी (65) पत्नी योगेन्द्र सिंह चौहान निवासी बहादरपुर जट की मौत हो गई है। नसीरपुर कलां की ग्राम प्रधान गुलनाज अंसारी ने बताया कि बुखार से सूफी (60) पत्नी शफी निवासी नसीरपुर कलां की मौत हो गई है।

पिछले कई दिन से ये सभी लोग बुखार से पीड़ित थे और इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था। बता दें कि पथरी क्षेत्र के गांवों में बुखार से लोगों की मौतों का सिलसिला जारी है। दो माह के भीतर गांव बादशाहपुर, पदार्था, नसीरपुर कलां, एकड़ कलां, बहादरपुर जट आदि गांवों में बुखार से दर्जनों लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग अब भी बुखार से पीड़ित हैं।
पूर्व कैबिनेट मंत्री के पास पहुंचा ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल
पथरी। बहादरपुरजट और नसीरपुर कलां में बुखार से लगातार हो रही मौत को लेकर ग्रामीण अब अपना धैर्य खो चुके हैं। मंगलवार को गांव की दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत के बाद ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने मामले को लेकर शासन और प्रशासन तक गुहार लगानी शुरू कर दी है।
पूर्व प्रधान विकास कुमार, जिपं सदस्य सोहनवीर पाल, भाजपा नेता धर्मेंद्र चौहान, सपा के जिलाध्यक्ष साजिद अली आदि ने ग्रामीणों के प्रतिनिधि मंडल के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद से मुलाकात की। उन्होंने गांवों में फैल रहे बुखार और इससे हो रहीं मौतों के बारे में उन्हें अवगत कराया। रोकथाम के लिए सभी ने मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की मांग की। स्वामी यतीश्वरानंद ने लोगों को जल्द ही संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजने का आश्वासन दिया है।
दो माह के भीतर बुखार से बादशाहपुर के नवीन सैनी उर्फ काका, एकड़ कलां के सुमेरचंद, पदार्था की शाहिला, नसीरपुर के नवाब, जमातून, सन्नी, आहिल, सोनिया, दिलशाद व सूफी और बहादुरपुर जट के पप्पू कश्यप, पवन कुमार, नरेश कुमार, सौ सिंह, देशू राम, प्रिया चौधरी, दीपक पाल व बाला देवी की मौत हो चुकी है।
अलीपुर के सुमित कुमार (32) बहादराबाद कस्बे में कुछ वर्षों से क्लीनिक चलाकर लोगों का इलाज करते थे। चार दिन पहले उन्हें बुखार आया और सोमवार की रात इलाज के लिए ले जाते समय उनकी सांसें थम गईं।

## नशा तस्करी में वांछित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नशा तस्करी मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।
विगत 24 दिसंबर को पुलिस ने एक आरोपित छोटन को 4800 नशीले कैप्सूल के साथ गिरफ्तार किया था। उसी दौरान पूछताछ में आरोपित ग्राम मुजाहिदपुर सतीवाला थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार निवासी अनिकेत उर्फ मिंटू का नाम तस्करी में सामने आया था।
पुलिस उसी समय से अनिकेत की तलाश में जुटी थी।
बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अनिकेत को



उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

## इसी बाबर आजम ने पाकिस्तान को 6 महीने पहले नंबर वन टीम बनाया था : कपिल देव

**नई दिल्ली।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 से पाकिस्तान की टीम बाहर होने के बाद हो रही बाबर आजम की आलोचना पर भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बाबर आजम को अपना समर्थन दिया है। पाकिस्तान टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई क्योंकि वह ग्रुप स्टेज के 9 मैचों में से 5 मैच गंवा बैठी थी। भारतीय टीम ने एक बार फिर से विश्व कप में पाकिस्तान टीम पर अपना वर्चस्व कायम रखा और 8वीं जीत हासिल की। पाकिस्तान को अपने अभियान के दौरान अफगानिस्तान से भी हार झेलनी पड़ी थी। बाबर आजम ने भले ही क्रिकेट विश्व कप के दौरान 40 की औसत और 4 अर्द्धशतकों की मदद से 320 रन बनाए लेकिन कुछ मौकों पर उनके कप्तानी दौरान लिए गए फैसलों के लिए उनकी आलोचना हुई। क्रिकेट दिग्गजों को बाबर के एप्रोच में कमी नजर आई। बहरहाल, बाबर आजम की कप्तानी पर यूट्यूब पॉडकास्ट पर बोलते हुए कपिल ने कहा कि केवल वर्तमान प्रदर्शन के आधार पर उन्हें आंकना अनुचित होगा। उन्होंने आजम की पिछली उपलब्धियों की ओर इशारा करते हुए बताया कि उन्होंने 6 महीने पहले ही पाकिस्तान टीम को आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचाया था। कपिल ने कहा कि अगर आप कहते हैं कि बाबर आजम आज (कप्तानी के लिए) सही विकल्प नहीं हैं, तो ऐसा इसलिए है क्योंकि आप सिर्फ उनके मौजूदा प्रदर्शन को देख रहे हैं। यह वही कप्तान थे, जिन्होंने छह महीने पहले पाकिस्तान टीम को नंबर 1 (आईसीसी वनडे रैंकिंग में) बनाया था। जब कोई शून्य पर आउट हो जाता है, तो 99 प्रतिशत लोग चाहते हैं कि उसे बाहर कर दिया जाए। अगर कोई साधारण खिलाड़ी आता है और शानदार शतक बनाता है, तो वे उसे सुपरस्टार कहते हैं। इसलिए केवल वर्तमान प्रदर्शन को न देखें। देखें उन्होंने खेल को किस तरह से अपनाया है, उनमें कितना जुनून और प्रतिभा है।

## 8वीं बार साल का अंत नंबर वन से करेंगे नोवाक जोकोविच, मिली विशेष ट्रॉफी

**तुरिन (इटली)।** नोवाक जोकोविच को रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए 8वीं बार साल का दुनिया का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी के रूप में करने के लिए ट्रॉफी दी गई। जोकोविच (ह्म्1द्बद्ध द्घद्बठ्ठड्डद्य1ह्य) को साल के अंत में शीर्ष रैंकिंग पर बने रहने के लिए एटीपी फाइनल्स में एक जीत की दरकार थी और 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने अपने पहले मैच में होल्गर रूने को तीन घंटे से अधिक समय में 7-6 (4), 6-7 (1), 6-3 से हराकर यह सुनिश्चित किया। एटीपी अध्यक्ष आंद्रिया गोडेंजी ने इस उपलब्धि के लिए जोकोविच को ट्रॉफी सौंपी। जोकोविच ने इसके बाद सोशल मीडिया पर अपने कोच, ट्रेनर और परिवार के सदस्यों के साथ तस्वीर साझा की। जोकोविच ने कहा कि बेशक यह सत्र का ताज है, साल का अंत दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में करना प्रत्येक टेनिस खिलाड़ी का सपना होता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे खेल की सबसे मुश्किल चीजों में से एक है। ग्रैंडस्लैम जीतना और दुनिया के नंबर एक होना संभवतः खेल का शीर्ष है।



## यूरोपियन टीम शतरंज चैम्पियनशिप - कार्लसन को द्रागनेव नें चौंकाया

**बुदवा।** पूर्व विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन अपने विश्व नंबर एक के ताज को मजबूत रखने के लिए इस समय यूरोपियन टीम चैंपियनशिप में अपने देश नॉर्वे की आठवीं वरीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है । हालांकि दो राउंड के बाद भी उनकी टीम फिलहाल जीत दर्ज नहीं कर सकी है । पहले राउंड में कार्लसन नें पहले बोर्ड पर स्लोवेकिया के जेगुस पेचाक को पराजित किया पर उनकी टीम का मुक़ाबला 2-2 से बराबरी पर छूटा जबकि दूसरे राउंड में भी कार्लसन को निचले वरीय ऑस्ट्रिया के द्रागनेव वालेंटिन नें ड्रॉ पर रोका और परिणाम स्वरूप उनकी टीम यह मुकाबला 1.5-2.5 से हार गयी , अब देखना होगा की क़तर मास्टर्स में बेहद खराब खेल के बाद कार्लसन 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में कैसा खेल दिखाते है और क्या नॉर्वे को वह जीत दिला पाएंगे । कुल 36 देश इस यूरोपियन चैंपियनशिप में भाग ले रहे है जिनके बीच स्विस लीग के आधार पर कुल 9 राउंड खेले जाने है।



## विश्व कप की असफलता के बाद पीसीबी ने बाबर आजम को कप्तानी से बर्खास्त करने का किया फैसला

**नई दिल्ली:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बाबर आजम को सभी प्रारूपों से कप्तान पद से हटाने का फैसला किया है। यह निर्णय पाकिस्तान द्वारा मौजूदा विश्व कप में बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रहने के बाद आया है।

रिपोर्ट के अनुसार,अगर बाबर अपना इस्तीफा सौंपने का फैसला करते हैं, तो बोर्ड इसे स्वीकार कर लेगा, अन्यथा पीसीबी उन्हें पद से बर्खास्त कर देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि शान मसूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में और शाहीन शाह अफरीदी न्यूजीलैंड में टी20 सीरीज के लिए कप्तानी के प्रबल उम्मीदवार हैं। बाबर को 2019 में सफेद गेंद का कप्तान और 2021 में टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था, लेकिन उनके नेतृत्व में ग्रीन शर्ट्स ने कोई आईसीसी या एशिया कप खिताब नहीं जीता है। हालांकि पाकिस्तान की टीम विश्व कप में शीर्ष टीम के रूप में गई थी, लेकिन वे अपनी क्षमता साबित करने में विफल रहे और ग्रुप चरण में टूर्नामेंट से बाहर हो गए।विश्व कप में ग्रीन शर्ट्स की विफलता के बाद बाबर को अपना समर्थन देते हुए, टीम के निदेशक मिकी आर्थर ने कहा था कि यह गलतियां करना अपराध नहीं है।




कप्तान का आज पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ज़का अशरफ से मिलने का कार्यक्रम है और उम्मीद है कि इसके बाद उनकी कप्तानी से संबंधित कोई घोषणा की जाएगी।

## ओलिम्पिक की तैयारी के लिए करना पड़ता है परिवार-दोस्तों का त्याग : निशानेबाज मेराज अहमद खान

**नई दिल्ली:** भारतीय निशानेबाज मेराज अहमद खान ,कोरिया के चांगवोन में आई.एस.एस.एफ. विश्व कप राइफल के दौरान स्कीट शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने हैं। 2 बार के ओलिम्पियन खान ने स्वर्ण पदक जीतने से पहले क्वालीफाइंग के 2 दिनों में पुरुषों की स्कीट में 119-125 का स्कोर किया था। 45 वर्षीय खान उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के जमींदारों के एक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके पिता इलियास अहमद स्टेट लेवल ट्रैप शूटर रह चुके हैं। 1998 में कॉलेज की शिक्षा पूरी करने के बाद खान ने शूटिंग में रुचि लेना शुरू कर दिया। खान ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत वर्ष 2003 में इटली के लोनाटो में आई.एस.एस.एफ. विश्व कप के दौरान की थी। साल 2021 के लिए दुनिया में 14वें स्थान पर रहे। उन्हें टोक्यो ओलिम्पिक में पुरुषों की स्कीट में



प्रतिस्पर्धा करते देखा गया था। खान ने 2016 रियो डी जनेरियो ओलिम्पिक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था। खान ने रियो डी जनेरियो में 2016 आई.एस.एस.एफ. विश्व कप में रजत पदक और दिल्ली में 2010 राष्ट्रमंडल निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। अपनी तैयारियों पर उन्होंने कहा कि खुदा जो भी करता है अच्छे के लिए करता है। हम कड़ी मेहनत करते हैं और चैंपियनशिप के लिए तैयारी करते हैं। हर खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता है। लेकिन यह सब तब सामने आता है जब सभी तैयारियों, रणनीतियों और मानसिक शक्ति की परीक्षा ली जाती है। सभी खिलाड़ी समान स्तर के हैं, लेकिन केवल एक को जीतना है। और यहीं से हमारी मेहनत रंग लाती है। खान ने कहा कि ओलिम्पिक जैसे बड़े आयोजनों में हिस्सा लेने के लिए आपको काफी कुर्बानियां देनी पड़ती हैं। मैंने परिवार, दोस्ती सब कुछ छोड़ दिया। पिछले 25 सालों से सिर्फ घर और शूटिंग में ही व्यस्त रहता हूं।

## आईपीएल: सीएसके बेन स्टोक्स को रिलीज करने को तैयार; केकेआर फर्ग्यूसन को कर सकती है बाहर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के लिए चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा बेन स्टोक्स को रिलीज किया जाना तय है। अनिच्छा के बावजूद, चेन्नई का यह निर्णय आईपीएल 2024 के लिए उनकी संभावित अनुपलब्धता पर आधारित है। कोच्चि में पिछली मिनी-नीलामी में सीएसके द्वारा 16.25 करोड़ रुपये में खरीदे गए इंग्लैंड के ऑलराउंडर ने पूरे सीज़न में केवल दो मैचों में भाग लिया।यह तय है कि स्टोक्स के बाएं घुटने की सर्जरी होगी और इस प्रक्रिया में ठीक होने के लिए लगभग दो महीने की आवश्यकता होगी। हालांकि, चेन्नई सुपर किंग्स प्रबंधन मार्च-मई 2024 में होने वाली लीग के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई जोखिम लेने को तैयार नहीं है।क्रिकबज के अनुसार, सीएसके प्रबंधन ने स्टोक्स के साथ चर्चा की है,




जिन्होंने विश्व कप के बाद ही आईपीएल पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत दिया है। इंग्लैंड का विश्व कप अभियान समाप्त होने के बावजूद, सीएसके अधिकारियों ने अभी तक उनसे सीधे संपर्क नहीं किया है। आगामी सीज़न के लिए उनकी उपलब्धता के संबंध में उनके प्रबंधक के साथ बातचीत भी अनिर्णायक रही है सीएसके के एक अधिकारी ने क्रिकबज से कहा, अगर स्टोक्स उपलब्ध हो सकते हैं तो हम उन्हें रिलीज करने पर विचार नहीं करेंगे क्योंकि वह एक बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और हम उनका बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन अगर वह सीजन में नहीं आ पाते हैं तो हम उन्हें ब्लॉक कर देंगे। 16 करोड़ रुपये से हम कुछ अच्छे खिलाड़ी हासिल कर सकते हैं। इस बीच, एक और संभावित रिलीज् लॉकी फर्ग्यूसन है। शुरुआत में 2022 में गुजरात टाइटन्स ने 10 करोड़ रुपये में खरीदा था, बाद में उन्हें 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ व्यापार किया गया था। उनकी चोट के इतिहास को देखते हुए, केकेआर प्रबंधन कथित तौर पर उनकी रिहाई पर विचार कर रहा है। नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच शार्दुल ठाकुर और हर्षल पटेल के बीच ट्रेड की भी अटकलें हैं। हालांकि, यह पुष्टि की गई है कि ऐसा कोई व्यापार नहीं होगा। फ्रेंचाइजी को 26 नवंबर तक रिटेंशन और रिलीज की सूची की घोषणा करनी है। नीलामी 19 दिसंबर को दुबई के कोका कोला एरिना में होने वाली है।

## नीरज चोपड़ा पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित

नई दिल्ली। भारतीय स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्हें पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। नीरज सहित जिन पांच एथलीटों को पुरस्कार के लिए नामित किया गया है, उन सभी ने 2023 में एथलेटिक्स में सनसनीखेज प्रदर्शन किया है और सभी ने



विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप बुडापेस्ट 23 सहित दुनिया भर में हुए कई प्रतियोगिताओं में विश्व रिकॉर्ड के साथ खिताब जीता है।

पुरुष विश्व एथलीट ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनके नाम इस प्रकार हैं-

1. नीरज चोपड़ा, (भारत, भाला फेंक एथलीट)- विश्व विजेता, एशियाई खेलों के चैंपियन।
2. रयान क्राउजर, (यूएसए, गोला फेंक)- विश्व रिकॉर्ड के साथ विश्व विजेता।
3. मोंडो डुप्लांटिस, (स्वीडेन, पोल वॉल्ट)- विश्व विजेता, विश्व रिकॉर्ड के साथ डायमंड लीग चैंपियन।
4. केल्विन किप्टम, (केन्या, मैराथन)- लंदन और शिकागो मैराथन विजेता, मैराथन विश्व रिकॉर्ड धारक।
5. नूह लायल्स,( यूएसए, 100 मीटर/200 मीटर)- विश्व 100 मीटर और 200 मीटर चैंपियन, 200 मीटर में छह फाइनल में अपराजित।

वर्ष 2023 विश्व एथलीटों के लिए मतदान प्रक्रिया-

तीन-तरफा मतदान प्रक्रिया के जरिये फाइनलिस्ट का निर्धारण किया गया।

विश्व एथलेटिक्स परिषद और विश्व एथलेटिक्स परिवार ने ईमेल के जरिए अपने वोट डाले, जबकि प्रशंसकों ने विश्व एथलेटिक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने फैसले ऑनलाइन दर्ज किए, जहां रिकॉर्ड 2 मिलियन वोट दर्ज किए गए।

## मुझे माफ कर दो : पाक क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक ने Aishwarya Rai से मांगी माफी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक ने बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर आखिरकार माफी मांग ली है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के क्रिकेट विश्व कप 2023 से बाहर हो जाने के बाद एक टॉक शो पर रज्जाक ने ऐश्वर्या से जुड़ी एक ऐसी उदाहरण दी थी जिसकी सोशल मीडिया पर खूब निंदा की है। और तो और पाकिस्तान के क्रिकेटरों ने भी इस टिप्पणी को अनुचित माना था। आखिर रज्जक ने अपनी गलती का अहसास होते ही माफी मांग ली। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट डालकर माफी मांगी है। रज्जाक ने लिखा- मैं कल के लिए बहुत शर्मिंदा हूं और मुझे एहसास है कि मैंने बहुत बुरे शब्द कहे थे। मैं सभी से माफी मांगता हूं, कृपया मुझे माफ कर दें। अब्दुल रज्जाक ने हाल ही में मीडिया से बातचीत में शाहिद अफरीदी और उमर गुल की मौजूदगी में सारी हदें पार कर दीं थीं। अफरीदी अपनी टिप्पणी को रोकने या निंदा करने के बजाय हंसते और तालियां बजाते नजर आए। रज्जाक ने शो के दौरान कहा था कि एक कप्तान के रूप में यूनिस खान का इरादा अच्छा था और इससे मुझे बेहतर प्रदर्शन करने का आत्मविश्वास मिला। यहां हर कोई पाकिस्तान की मंशा और टीम के बारे में सवाल कर रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में खिलाड़ियों को विकसित करने और निखारने की हमारी मंशा अच्छी नहीं है। अगर आप सोचते हैं कि ऐश्वर्या राय से शादी करने से एक अच्छा और नेक बच्चा पैदा हो जाएगा तो यह गलत होगा, ऐसा कभी नहीं होगा। रज्जाक के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उनकी जमकर निंदा हुई थी। क्रिकेट फैंस ने उनके दिमाग स्तर को कमजोर तक बोल दिया। यहां तक कि शो में उनके साथ बैठे उमर गेल ने भी इसकी निंदा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर लिखा- प्रिय भाई, @SAfridiOfficial भाई और मैंने अब्दुल रज्जाक ने जो कहा उसका समर्थन करने के लिए हमने ताली नहीं बजाई। यह व्यंग्य था। यह नैतिक रूप से गलत था।

## भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम घोषित, लॉरेन चीटल की वापसी; कप्तान की पुष्टि नहीं

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के अपने बहु-प्रारूप दौरे के लिए 16-खिलाड़ियों की महिला टीम की घोषणा की है। टीम में बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लॉरेन चीटल की चार साल बाद वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलिया क्रिसमस और नए साल की अवधि के दौरान मुंबई में दो स्थानों पर बहु-प्रारूप श्रृंखला में भारत के खिलाफ एक टेस्ट, तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और तीन टी20 मैच खेलेगी। पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों में नहीं चुने जाने के बावजूद ग्रेस हैरिस ने टी20 टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।

2016 में 17 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली चीटल मार्च 2019 के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में लौटी हैं। चोटों से जूझ रही चीटल, ने इस सीज़न में दस महिला बिग बैश लीग मैचों में 19




विकेट लेकर सिडनी सिक्सर्स की गेंदबाज़ी इकाई का नेतृत्व किया है। 21-24 दिसंबर तक एकमात्र टेस्ट के बाद, दोनों टीमें 28 दिसंबर से 2 जनवरी तक वानखेड़े स्टेडियम में तीन वनडे और 5 से 9 जनवरी तक डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में तीन टी20 मैच खेलेंगी सीए के प्रदर्शन प्रमुख (महिला क्रिकेट) और राष्ट्रीय चयनकर्ता, शॉन फ्लेगलर ने कहा, भारत में भारत के खिलाफ एक बहु-प्रारूप श्रृंखला रोमांचक है और हमारे समूह के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है। हमारे अधिकांश खिलाड़ियों ने, पिछले दिसंबर की द्विपक्षीय श्रृंखला या डब्ल्यूपीएल के माध्यम से, पिछले 12 महीनों में मुंबई में क्रिकेट खेला है और परिस्थितियों का अनुभव किया है। हमारे पास परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने का मौका होगा और मुंबई में हमारी तैयारी में स्थानीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अभ्यास मैच भी शामिल होगा।

**ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:** डार्सी ब्राउन, लॉरेन चीटल (केवल टेस्ट), हीथर ग्राहम, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस (केवल टी20), एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

## मोहम्मद सिराज से छीनी वनडे नंबर 1 बॉलर की गद्दी, यह स्पिनर हुआ विराजमान

**दुबई ।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पछाड़कर दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बन गए। सिराज एक हफ्ते तक ही शीर्ष रैंकिंग पर काबिज रह पाए। सिराज पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी को हटाकर 8 नवंबर को दुनिया के नंबर एक एकदिवसीय गेंदबाज बने थे लेकिन नवीनतम सूची में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर ने उनकी जगह ले ली है।महाराज ने एक नवंबर से विश्व कप के तीन मैच में सात विकेट चटकाए हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ पुणे में चार विकेट भी शामिल हैं। सिराज और महाराज के बीच हालांकि सिर्फ तीन रेटिंग अंक का अंतर है। सिराज विश्व कप में अब तक भारत के पांचवें सबसे सफल गेंदबाज हैं। वह नौ मैच में 12 विकेट हासिल कर चुके हैं



जिसमें 16 रन पर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और स्पिनर कुलदीप यादव रैंकिंग में क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। बुमराह नौ मैच में 17 विकेट के साथ मौजूदा विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में मोहम्मद शमी 12वें और रविंद्र जडेजा 19वें स्थान पर हैं। भारत के शुभमन गिल हालांकि बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दूसरे स्थान पर हैं। गिल और उनके बीच आठ रेटिंग अंक का अंतर है। गिल ने विश्व कप में अब तक सात मैच में 270 रन बनाए हैं। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली चौथे स्थान पर बरकरार हैं। वह नौ मैच में 2 शतक और 5 अर्धशतक से 594 रन बनाकर टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर हैं

कप्तान रोहित शर्मा पांचवें जबकि श्रेयस अय्यर 13वें स्थान पर हैं। लोकेश राहुल ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ के साथ संयुक्त रूप से 17वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की सूची में जडेजा 10वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन शीर्ष पर चल रहे हैं। टखने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए हार्दिक पंड्या 16वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## आई.सी.सी. नॉकआऊट में बुरी किस्मत पर बोले रोहित शर्मा- भाग्य बहादुरों का साथ देता है

**मुंबई।** भारत ने पिछले कुछ हफ्तों में क्रिकेट विश्व कप के लीग चरण में सभी बाधाओं को पार करते हुए अपना विजय अभियान जारी रखा लेकिन कप्तान रोहित शर्मा चाहते हैं कि न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले सेमीफाइनल में भाग्य भी उनकी टीम का साथ दे। रोहित ने सेमीफाइनल की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि समय आ गया है कि भाग्य आपका साथ दे और भाग्य बहादुरों का साथ देता है। सेमीफाइनल से पूर्व भारत के एकमात्र ट्रेनिंग सत्र से पूर्व रोहित ने कहा कि अगर आप देखेंगे तो टूर्नामेंट के पहले हाफ में हमने शुरुआती 5 मैच में लक्ष्य का पीछा किया और फिर अगले 4 मैच में पहले बल्लेबाजी की। हम जिन विभागों पर ध्यान देना चाहते थे उनमें से अधिकांश पर हम काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा- हमें इस हफ्ते की अहमियत पता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम जो कुछ कर रहे है, हमें उससे कुछ अलग करने की जरूरत है। रोहित ने न्यूजीलैंड को प्रतियोगिता की संभवतः 'सबसे अनुशासित' टीम करार दिया। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड संभवतः सबसे अनुशासित टीम है। वे स्मार्ट क्रिकेट खेलते हैं, वे विरोधी टीम को काफी अच्छी तरह समझते हैं। सभी आईसीसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल में खेलने को लेकर उनके प्रदर्शन में बेहद निरंतरता है। रोहित ने कहा कि उनकी टीम पर 1983 की कपिल देव और 2011 की महेंद्र सिंह धोनी की टीम उपलब्धि को दोहराने का दबाव है लेकिन मौजूदा खिलाड़ियों का ध्यान अपने प्रदर्शन में सुधार पर है। उन्होंने कहा कि यह इस टीम की खूबसूरती है। जब हमने पहली बार विश्व कप जीता था तो टीम के आधे खिलाड़ी पैदा भी नहीं हुए थे। जब हमने पिछली बार विश्व कप जीता तो आधे खिलाड़ी क्रिकेट भी नहीं खेल रहे थे। रोहित ने कहा कि मैं उन्हें इस बारे में बात करते हुए नहीं देखता कि हमने पहला और आखिरी विश्व कप कैसे जीता। ध्यान सिर्फ बेहतर होना और सुधार के लिए क्या किया जाए इस पर है। ध्यान हमेशा वर्तमान पर होता है। विश्व कप के अब तक के सभी मैचों में वानखेड़े स्टेडियम में दूधिया रोशनी में बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण साबित हुआ है लेकिन रोहित ने कहा कि टॉस की बड़ी भूमिका नहीं होगी। उन्होंने कहा कि मैंने यहां बहुत क्रिकेट खेला है। ये 4 या 5 मैच वानखेड़े क्या है, इसके बारे में बहुत कुछ नहीं बताएंगे।

